The Compulsory Yoga Practice in Schools Bill, 2025-Introduced

श्री मनोज तिवारी **(उत्तर-पूर्व दिल्ली) :** अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं कि विद्यार्थियों का अच्छा और उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने हेतु देश भर के सभी विद्यालयों में प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक अनिवार्य योग अभ्यास का उपबंध करने व उक्त प्रयोजनार्थ केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा आवश्यक अवसंरचना प्रदान करना अनिवार्य बनाने तथा उससे संसक्त व उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए ।

माननीय अध्यक्ष **:** प्रश्न यह है :

कि विद्यार्थियों का अच्छा और उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित करने हेतु देश भर के सभी विद्यालयों में प्राथमिक से वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक अनिवार्य योग अभ्यास का उपबंध करने व उक्त प्रयोजनार्थ केन्द्रीय और राज्य सरकारों द्वारा आवश्यक अवसंरचना प्रदान करना अनिवार्य बनाने तथा उससे संसक्त व उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ

श्री मनोज तिवारी**:** महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं ।